वी यू में नये संचालक शिक्षण ने पदभार ग्रहण किया

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज डॉक्टर एस.एस. तोमर ने संचालक शिक्षण का पदभार ग्रहण किया, वी. यू. कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने उनके अनुभव एवं कार्य दक्षता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी सौंपी है। माननीय कुलपति महोदय ने समस्त विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ डॉ. तोमर का स्वागत किया व कुलपति महोदय ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अनुभवी लोगों के पदासीन होने से विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और निखरेगी। अपने उद्‌बोधन मे डॉ. तोमर ने पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने की बात कही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अन्य प्रमुख पद पर आऐ हुए नवागत फेकल्टी जिसमें डॉ अक्षय गर्ग, डॉ शिवांगी आदि का भी स्वागत किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ जोशी, मधु स्वामी डॉ लखानी, डॉ ए.पी सिंह डॉ आदित्य मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर